# प्रधानाचार्यों ने सीखी बच्चों को सिखाने की स्किल्स



dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (7 April):** सीबीएसई ने यूपीईएस यूनिवर्सिटी की ओर से प्रिंसिपल्स के लिए दो दिन का खास एक्सपोजर विजिट रखा. जिसका मकसद था स्कूल हेड्स को नए जमाने की स्किल्स, वोकेशनल एजुकेशन और इंडस्ट्री से जुड़े ट्रेंड्स की सही जानकारी देना.

ये प्रोग्राम नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनइपी ) 2020 के हिसाब से था, जिसमें स्कूलों में ही स्किल-बेस्ड लर्निंग को बढ़ावा देने की बात की गई है. विजिट में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, नए करियर ऑप्शन, इंडस्ट्री से जुड़ी पढ़ाई और प्रैक्टिकल लर्निंग जैसे टॉपिक्स पर बात हुई. विवि के एक्सपर्ट ने सेशन्स लिए और बताया कि स्कूलों में कैसे इन चीजों को अपनाया जा सकता है.

## किताबों तक न रहे पढ़ाई

वीसी डॉ. राम शर्मा ने कहा की आज के वक्त में बच्चों को सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रखना चाहिए. उन्हें स्किल्स भी आनी चाहिए. जिससे कि वे फ्यूचर के लिए तैयार रहें. वहीं, सीबीएसई की ओर से भी कहा गया कि इस विजिट को नई पढ़ाई की स्टाइल्स और इंडस्ट्री से जुड़ी चीजें देखने-समझने का मौका मिला. आखिर में सर्टिफिकेट सेरेमनी का आयोजन हुआ. जिसमें सभी स्कूल हेड्स को उनके जोश और भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया.